जन्म श्री कृष्ण ने लिया है जेल में | by Varsha Shrivastava

जन्म श्री कृष्ण लिया है जेल में
मारने कंस को खेल ही खेल में

आया मथुरा से गोकुल में देवकी का बाल
बन गया एक दिन में यशोदा का लाल
प्यारा नन्द नदन खाये मिश्री माखन
होगा जीवन सफल उसी से मेल में
जन्म श्री कृष्ण ने ....

माँ यशोदा को देने बधाई अपार
सारा गोकुल उमड़ आया नन्द जू के द्वार
नन्हा बालक मोहन सबका पालक मोहन
सारी फुलवारी महक रही एक बेल में
जन्म श्री कृष्ण ने ....

कृष्ण से हो मिलन तो हो जीवन सफल
उसके दर्शन बिना मोरा मन है विचल
बाट जोऊंगी हठ ना छोडूंगी मैं
प्राण बसते हैं मेरे छबीले छैल में
जन्म श्री कृष्ण ने ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88/